अमर उजाला

# मीतपुरा के समीप भट्ठे पर तैयार की जा रही थी नकली देशी शराब

आगरा ब्यूरो Updated Wed, 14 Aug 2019 08:27 PM IST






फिरोजाबाद। थाना फरिहा क्षेत्र में पकड़ी गई नकली शराब के साथ आरोपी। - फोटो : FIROZABAD

फिरोजाबाद। मंगलवार की रात को थाना फरिहा पुलिस ने मीतपुरा स्थित एमएस ईंट भट्ठा के पास नकली देशी शराब का जखीरा सहित एक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उसके तीन साथी भागने में सफल हो गए। शराब की कीमत बीस लाख रुपये की बताई जा रही है।

एसपी देहात राजेश कुमार सिंह ने पुलिस लाइन सभागार में पत्रकारों से वार्ता के दौरान बताया कि सीओ जसराना ओपी सिंह के निर्देशन में एसएचओ फरिहा गंगा प्रसाद सिंह, एसआई लाखन सिंह, चंद्रपाल सिंह, सत्यप्रकाश एवं पुलिस टीम के साथ ग्राम मीतपुरा भट्ठा के पास छापेमारी की। मौके से तीन युवक भाग गए। पुलिस ने मौके से थाना फरिहा के नगला कांस निवासी संजय कुमार राजपूत पुत्र फूलन सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि थाना एका के सिकंदरपुर निवासी अनिल कुमार उर्फ लीला पुत्र सुभाषचंद्र, एटा के अवागढ़ के खड़ी का नगला निवासी सत्यवीर उर्फ सत्ते पुत्र नेकसेलाल व दुर्गेश कुमार उर्फ डीके पुत्र नाथूराम मौके से भागने में ही सफल हो गए। पुलिस ने इनके कब्जे से 502 पेटी नकली देशी शराब कीमत करीब बीस लाख रुपया, नकली शराब बनाने का सामान बरामद किया है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/firozabad/country-liquor-caught-firozabad-news-agr400987552